महत्वपूर्ण एवं खास

स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूलों में रिक्त सीटों के लिये 29 जून तक आवेदन आमंत्रित

रायगढ़ । स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूलों में प्रथम चरण की लॉटरी के उपरांत शेष सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये है। रिक्त सीट की जानकारी तथा आवेदन संबंधित विद्यालयों में 29 जून 2021 तक जमा किये जा सकते है। प्राप्त आवेदनों पर प्रवेश 30 जून के पश्चात किया जायेगा।

जिले में 149 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़ । चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 18 जून तक 149.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 18.3 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 134.6 मिली मीटर, पुसौर में 284.5, खरसिया में 155.4, सारंगढ़ में 200.3, बरमकेला में 114.6, घरघोड़ा में 155.9, तमनार में 135.9, लैलूंगा में 55.4 तथा धरमजयगढ़ तहसील में 107.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला/ बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता महिला हेतु परीक्षा 27 जून को

रायगढ़ । प्रशिक्षित मितानिनों के लिये आरक्षित रिक्त पदों पर ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला)/बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता महिला तृतीय श्रेणी के पदों हेतु 27 जून 2021 रविवार पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक नगर पालिका निगम ऑडिटोरियम, कलेक्टर कार्यालय के पास पंजरी प्लांट रायगढ़ में आयोजित की जायेगी। उक्त परीक्षा के लिये सूचना पत्र मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाईट www.raigarh.nic.in में अपलोड किया गया है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिये जिले के वेबसाईट में अवलोकन कर सकते है।

घर से बिना बताये कहीं चली गई नाबालिग बालिका, खोजबिन में जुटी पुलिस टीम

रायगढ़। दिनांक 18/06/2021 को पुलिस चौकी जुटमिल, थाना खरसिया एवं सिटी कोतवाली में नाबालिग बालिकाओं के घर से बिना बताये कहीं चले जाने की रिपोर्ट परिजन दर्ज कराये हैं, गुम नाबलिग के रिपोर्ट पर धारा 363 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस टीम जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार दिनांक 17.06.2021 के सुबह करीबन 08:00 बजे जूटमिल क्षेत्र में रहने वाली बालिका (उम्र करीब 16 वर्ष) घर में किसी को बिना बताये कही चले जाना परिजन बताये हैं। थाना खरसिया क्षेत्र में रहने वाली बालिका दिनांक 11.06.2021 के दोपहर से घर से निकली है जो वापस नहीं आयी, उसका मोबाइल भी बंद है, बालिका के परिवारजन रिस्तेदार, जान पहचान में बालिका की खोजबिन किये पता नहीं चला है, आज थाना खरसिया में परिजन रिपोर्ट दर्ज कराये हैं। थाना सिटी कोतवाली में नाबालिग बालिका को दिनांक 17.06.2021 के सुबह स्कूल जाने के लिये निकलना और वापस घर नहीं आना परिजन बताये है। बालिका की खोजबिन में कोतवाली पुलिस लग गई है, उसके सहेलियों, दोस्तों से पूछताछ कर जानकारी जुटाया जा रहा है।

एक्सिस बैंक ने दिया पीपीई किट व मॉस्क

रायगढ़ । कोविड से निपटने के लिये जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों में सहयोग हेतु एक्सिस बैंक ने मेडिकल उपकरण व अन्य सामग्री प्रदान की है। आज कलेक्टोरेट कार्यालय में कलेक्टर भीम सिंह को एक्सिस बैंक की ओर से क्लस्टर हेड प्रतीक ढोडी ने एक ऑक्सीजन कन्सनट्रेटर, 100 पीपीई किट, 100 एन 95 मॉस्क प्रदान किये। इस दौरान एक्सिस बैंक की ओर से ज्ञान प्रकाश, देबाशीष दत्ता तथा मनोज पटेल उपस्थित रहे।

गांव बनी एक टीम मिशन टीकाकरण किया पूरा और दुर्गापुर जिले का पहला पूर्ण कोविड टीकाकृत गांव बना

» 18 साल से अधिक उम्र के सभी निवासियों को लगा टीका

» कलेक्टर भीम सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

रायगढ़ । रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ विकासखण्ड का दुर्गापुर जिले का पहला पूर्ण कोविड टीकाकृत गांव बन गया है। यहां 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को कोविड का टीका लगाया जा चुका है। कलेक्टर भीम सिंह ने दुर्गापुर गांव की सरपंच श्रीमती आनंद कुंवर राठिया, सचिव कुमारी सोनमति एक्का, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती कुसुम मंडल, मितानिन श्रीमती सुषमा मंडल तथा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक यशंवत पटेल को उनकी इस उपलब्धि के लिये प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जिले के दूरस्थ अंचल में स्थित यह गांव पूरे रायगढ़ जिले के लिये एक मिसाल के रूप में सामने आया है। जहां के निवासियों ने जागरूकता दिखाते हुये कोरोना महामारी से बचाव के प्रयासों में अपना सहयोग दिया और 18 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों ने टीका लगवा लिया है। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ डॉ. रवि मित्तल को दुर्गापुर गांव की इस उपलब्धि पर 10 लाख रुपये के कार्य स्वीकृत करने के निर्देश दिये।

उल्लेखनीय है कि विकासखंड धरमजयगढ़ के मुख्यालय से 4 किलोमीटर की दूरी पर बसे गांव दुर्गापुर ने कलेक्टर भीम सिंह के मार्गदर्शन में जिले में चलाये जा रहे कोविड टीकाकरण अभियान को पूरी गंभीरता से लिया और बढ़-चढ़कर इसमें अपनी सहभागिता निभायी। गांव में सरपंच के द्वारा वैक्सीनेशन के पूर्व सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सचिव एवं अन्य लोगों का बैठक आयोजित कर सभी पंचों को भी वार्ड के हिसाब से वैक्सीनेशन कराने के लिए जवाबदारी सौंपी गई थी। सभी ने खूब मेहनत की एवं गांव में घर-घर जाकर लोगों को टीकाकरण के संबंध में जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में 5 टीकाकरण सेशन लगाये गये। पोर्टल में ऑनलाईन एन्ट्री के लिये आनस्पाट रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध करवायी गई। सभी लोगों के टीमवर्क का परिणाम यह निकल कर आया कि गांव के 18 वर्ष से अधिक उम्र के लक्ष्य के विरूद्ध सभी 880 लोगों का टीकाकरण किया जा सका और गांव पूर्ण रूप से टीकाकृत बना।

एनएच पर ओव्हर स्पीड और कार में सीट बेल्ट नहीं लगाकर वाहन चला रहे चालकों का कटा चालान

» माल वाहक वाहन में सवारी ले जा रही दो पिकअप किये जायेंगे न्यायालय पेश, खरसिया पुलिस की जारी है कार्रवाई

खरसिया। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा एनएच पर प्रतिदिन दुपहिया वाहनों के साथ मध्यम तथा भारी वाहनों पर प्रभावी तरीके से मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं। निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक सुमंत राम साहू एवं स्टाफ द्वारा आज दोपहर से देर शाम तक एनएच में बोतल्दा एवं पलगड़ा के पास कार्रवाई की गई। इस दौरान ओव्हर स्पीड चलते पाई गई 04 ट्रकों पर 1,000-1,000 रुपए का चालान काटा गया। एनएच पलगड़ा पर पीकप क्र सीजी 11 -एबी- 3163 पर 21 महिला-पुरूष तथा बोतलदा एनएच पर पीकप क्र. सीजी11एवाई- 2253 में 33 सवारी खतरनाक तरीके से सफर कर रहे थे। इन वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 के तहत कार्रवाई की गई है, खरसिया पुलिस इस्तगासा पेश दौरान इन पीकअप वाहनों को न्यायालय पेश करेगी। इसके साथ ही एनएच-49 पर दुपहिया में चल रहे तीन सवारी एवं कार में सीट बेल्ट नहीं लगाकर चल रहे 12 कार के चालकों पर भी मोटर व्हीकल एक्ट की 138/177 के तहत जुर्माने की कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी एस.आर साहू बताये की यह कार्रवाई प्रतिदिन एनएच पर अलग-अलग स्थानों पर जारी रहेगी।

विश्व सिकलसेल दिवस का आज होगा आयोजन

रायगढ़ । कलेक्टर भीम सिंह के दिशा-निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन 19 जून 2021 को विश्व सिकलसेल दिवस का आयोजन किया जायेगा। सिकल सेल, लाल रक्तकणों के भीतर हिमोग्लोबिन को प्रभावित करने वाली बीमारी है इन बीमारियों वाले रोगियों में लाल रक्त कोशिकाएं गोल होने के बजाय हंसिये के आकार धारण कर लेती है जिसके नाम से इस बीमारी का नाम सिकलसेल पड़ा है। सिकल ग्रस्त लाल रक्त कोशियों रक्त नलिकाओं में कई बार अवरोध पैदा कर देते हैं। जिससे ऊतको में रक्त के नलियों से होने वाले ऑक्सीजन की आपूर्ति बंद हो जाती है इससे वहां दर्द उत्पन्न हो जाता हैं तथा ऊतक नष्ट हो जाते है सिकेलसेल मरीज दो प्रकार के होते है सिकेलसेल वाहक एवं सिकेलसेल रोगी।

सिकेलसेल वाहक में सामान्यतः रोग के लक्षण प्रकट नहीं होते, सिकलसेल आनुवांशिक बीमारी है अर्थात् पीढ़ी दर पीढ़ी चलती है छत्तीसगढ़ के 12 प्रतिशत जनसंख्या सिकेलसेल से पीड़ित है। सिकेलसेल बीमारी जीवन पर्यन्त तक रहती है इसको समाप्त नहीं किया जा सकता है पर इसके दुष्प्रभावों को कम किया जा सकता है। इस बीमारी से कई शारीरिक विकार पैदा होते है यथा, रक्तअल्पदा, संक्रमण, सूजन, असहनीय दर्द, अंगो की क्षति आदि। सिकेलसेल रोग की जांच जीवन साथी के चयन के समय, बच्चे पैदा करने की योजना बनाने वाले दम्पत्ति, मंद शारीरिक विकास के लक्षण, कोई भी व्यस्क जिसमें रक्तअल्पता, कमजोरी, गर्भवती माता, सभी नवजात, अगर बच्चे में विकार है तो माता पिता एवं विपरीत कराना चाहिये।

सिकेलवाहक या सिकल रोगी के परिवार व संबंधी इसकी जांच मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल, सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क किया जाता हैं।

विशेष अभियान के तहत दो दिन में 49 स्थायी वारंटी पकड़ाए

» थाना प्रभारियों द्वारा आदतन बदमाशों को अपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की दी जा रही हिदायत

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देशन पर दिनांक 16/06/2021 से लंबित अपराधों में फरार आरोपियों तथा वारंटियों के धरपकड़ के लिये सभी थानाक्षेत्र अन्तर्गत चलाये जा रहे विशेष अभियान के दो दिनों में 49 स्थायी वारंटियों को पकड़ा गया है, जो काफी समय से फरार चल रहे थे। पकड़े गए वारंटियों में कई संगीन मामलों के आरोपी हैं। कई वारंटी सीमावर्ती जिलों में पहचान छिपा कर लुकछिप कर रह रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में न्यायालय पेशी में उपस्थित नहीं होने वाले आरोपी तथा साक्षियों को जारी गिरफ्तारी वारंट, जमानती वारंट की भी तामिली की गई है।

जिले में आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने पुलिस अधीक्षक द्वारा गत दिनों थाना, चौकी प्रभारियों को उनके क्षेत्र के गुंडा, निगरानी बदमाशों को थाने हाजिर कर उन्हें अपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की हिदायत दिये जाने हो कहा गया था, जिसका पालन भी प्रभारियों द्वारा किया जा रहा है। थाना प्रभारी व स्टॉफ निगरानी गुंडा बदमाशों को उनके सकुनत जाकर चेक किया जा रहा है, कई थानों में बदमाशों को हाजिर कर उन्हें अपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की हिदायत दी जा रही है। लंबित अपराधों के फरार आरोपियों एवं वारंटियों की पतासाजी में कई थानों की पुलिस टीम रवाना हुई, सप्ताह भर चलने वाले इस अभियान में और भी वारंटियों और फरार आरोपियों के पकड़े जाने की सम्भावना है।

देश की सबसे महंगी अनोखी सब्जियों में शुमार है बस्तर का बोड़ा

» बस्तर के ग्रामीणों के लिए तेंदूपत्ता और महुआ के बाद आमदनी का है मुख्य स्त्रोत

» मशरूम की 12 प्रजातियों में से एक मात्र बोड़ा जमीन के भीतर होता है तैयार

जगदलपुर (आरएनएस)। देश की सबसे महंगी सब्जियों में शुमार बस्तर का बोड़ा पंहुपने लगा है, इसके जायके के लोग दीवाने है, लोगों की इसी दीवानगी के चलते यह सब्जी बस्तर में एक हजार से डेढ़ हजार रुपए तक में बिकती है। चिकन और मटन से भी महंगी यह सब्जी मानसून के शुरुआती दिनों में बारिश और उमस का मौसम बोड़ा के उगने के लिए अनुकूल होता है। साल वृक्षों के नीचे उगने वाली अनोखी सब्जी साल के जंगल से ही निकलती है। जून और जुलाई के महीने में बोड़ा की सबसे ज्यादा उपलब्धता होती है।

बस्तर के ग्रामीणों के लिए यह तेंदूपत्ता और महुआ के बाद आमदनी का मुख्य स्त्रोत है। बारिश के मौसम की शुरुआत के साथ बोड़ा के बाजार में आने का सिलसिला शुरू हो गया है। प्राकृतिक रूप से एक निश्चित अवधि के लिए ही इसका उगना और इसकी स्वादिष्टता ने इसे विशेष बना दिया है। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के साथ-साथ अन्य जिलों के रहवासी और पड़ोसी राज्य ओडिशा, तेलंगाना से भी बड़ी संख्या में लोग इसे खरीदने के लिए यहां पंहुचते हैं। इस वर्ष बोड़ा की अच्छी आवक है, शहर के मुख्य बाजार के साथ-साथ हर छोटे बड़े बाजार में बोढ़ा बड़ी मात्रा में मिल रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मशरूम की 12 प्रजातियों में से एक, बोड़ा की सबसे अनोखी विशेषता यह है कि यह अन्य मशरूम की भांति जमीन के बाहर नहीं, भीतर तैयार होता है। साल बोड़ा में फाइबर, सेलेनियम, प्रोटीन, पोटेशियम, विटामिन डी और एंटीबैक्टीरियल प्रॉपर्टीज के होने की जानकारी मिली है। इनकी मौजूदगी की वजह से इसे शुगर, हाई बीपी, बैक्टीरियल इनफेक्शन, कुपोषण और पेट रोग दूर करने में सक्षम पाया गया है। ताजा परिस्थितियों में, इसमें इम्यूनिटी बूस्ट करने के तत्वों की वजह से इसे बेहद अहम माना जा रहा है।

पांच राज्यों में मिलने वाले इस मशरूम का वैज्ञानिक नाम लाइपन पर्डन है। उत्तराखंड, झारखंड और उड़ीसा में इसे रुगड़ा के नाम से जाना जाता है, तो छत्तीसगढ़ में साल पुटु के नाम से पहचान मिली हुई है। बस्तर अंचल में बोड़ा के रूप में जाना जाता है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद प्रारंभिक अनुसंधान के बाद इसकी व्यावसायिक खेती की तकनीक विकसित कर रहा है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र को आजीविका का नया साधन मिल सके। वैज्ञानिको को मिल रही सफलता से भविष्य में इसकी खेती की जा सकेगी साथ ही चार माह तक इसका भंडारण भी किया जा सकेगा।

निमोनिया से बचाने बच्चों को लगवाये टीका

» हर मंगलवार और शुक्रवार को शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में लगाया जाता है टीका

रायगढ़ । नियमित टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत न्यूमोकोकल कॉन्जूगेट वैक्सीन (पीसीभी) की शुरूआत राज्य में 14 जून 2021 से प्रारंभ किया जा चुका है। जिले में भी प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (भीएचएनडी)के समस्त नियमित टीकाकरण सत्र, समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में यह वैक्सीन लगाया जाना है, साथ ही जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी यह वैक्सीन अवकाश दिवस को छोड़कर प्रतिदिन लगाया जायेगा। राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार (पीसीभी) वैक्सीन की प्रथम खुराक को पेन्टावेलेंट वैक्सीन के प्रथम खुराक के साथ में ही लगाया जाना है। न्यूमोकोकल बीमारी जिसे न्यूमोकोकस भी कहा जाता है, उसका संक्रमण भी नवजात बच्चों में सांस के रास्ते ही फैलता है। इसका प्रथम डोज करीब 4 हजार रूपये का होता है। पहली बार सरकार इसे नवजात बच्चों को निःशुल्क लगाने जा रही है। दरअसल, इस वैक्सीन का पहला डोज डेढ़ माह यानी 06 सप्ताह के नवजात शिशुओं को लगाया जाता है। इसके 14 सप्ताह बाद दूसरा डोज एवं 09 महीने के बाद तीसरा डोज लगाया जाता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केसरी ने सभी अभिभावकों से टीकाकरण सत्रों या स्वास्थ्य केन्द्रों मे जाकर अपने बच्चों को (पीसीभी) वैक्सीन लगवाने हेतु आव्हान किया है।

ग्राम समलाई में हाथियों ने मचाया उत्पात, तोड़े ग्रामीणों के पांच मकान

कोरबा (आरएनएस)। जिले के वनमंडल कटघोरा के पसान रेंज में तीन हाथियों का दल लगातार विचरण कर रहा है। हाथियों के इस दल ने बीती रात ग्राम पंचायत पिपरिया के आश्रित ग्राम समलाई में पहुंचकर भारी उत्पात मचाया।

इस दौरान हाथियों ने शिवराम अघरिया, हीरा सिंह मरावी, शिवरतन, तुलसी नेटी, प्रेमसिंह नेटी के मकान को तोड़ दिया। इतना ही नहीं हाथियों ने यहां रखे घरेलू सामानों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही चावल एवं धान को भी चट कर दिया। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर आज वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और रात में हाथियों द्वारा किये गए नुकसानी का सर्वे किया। प्रारंभिक तौर पर हाथियों के उत्पात से हजारों रुपए के नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है। हाथियों का उत्पात पूरे रात भर चला। इस दौरान ग्रामीण हाथियों के डर से रतजगा करते रहे। जिस समय हाथियों ने ग्रामीणों के मकान को निशाना बनाया, उस समय वहां कोई मौजूद नहीं थे। हाथियों के आने की सूचना मिलते ही सुरक्षित स्थानों पर चल गए थे।

शासकीय नजूल रिक्त भूमि की नीलामी 30 जून को

रायगढ़। रायगढ़ में स्थित शासकीय/नजूल रिक्त भूमि की खुली नीलामी 30 जून 2021 को दोपहर 12 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में की जायेगी। नीलामी में भाग लेने हेतु आवेदन नजूल अधिकारी, जिला कार्यालय रायगढ़ के कक्ष में निर्धारित राशि की डिमांड ड्राफ्ट सहित अंतिम तिथि 30 जून 2021 को पूर्वान्ह 11 बजे तक जमा की जाएगी।

रायगढ़ के ईडन गार्डन के सामने, मोदी नगर से लगकर के विनोबा नगर, प्लाट नंबर 312/1, 313/1 से रकबा 11194 वर्गफुट भूमि के लिये 70,61,600 रुपये, जेलपारा नजूल भूमि 59, प्लाट नंबर 29/1 से रकबा 1224 वर्गफुट भूमि के लिये 4,93,675 रुपये, मधुबनपारा-नजूल भूमि 55, प्लाट नंबर 11 से रकबा 3000 वर्गफुट भूमि के लिये 13,07,619 रुपये, मधुबनपारा-नजूल भूमि 55, प्लाट नंबर 11 से रकबा 1700 वर्गफुट भूमि के लिये 7,40,913 रुपये, मिट्ठुमुड़ा-प्लाट नंबर 30 से रकबा 4360 वर्गफुट भूमि के लिये 18,15,316 रुपये, दीनदयाल अपार्टमेन्ट के पीछे स्थित है-नजूल ग्राम-बड़े रामपुर प्लाट नंबर 3/1 से रकबा 15,500 वर्गफुट भूमि (आवासीय प्रयोजनार्थ)के लिये 52,43,493 रुपये, दीनदयाल अपार्टमेन्ट के पीछे दक्षिण-पश्चिम दिशा में स्थित है-नजूल ग्राम-बड़े रामपुर प्लाट नंबर 3/1 से रकबा 10500 वर्गफुट भूमि (आवासीय प्रयोजनार्थ)के लिये 35,52,058 रुपये, दीनदयाल अपार्टमेन्ट के पीछे खेत से लगकर दक्षिण-पूर्वी कोना पर है-नजूल ग्राम-बड़े रामपुर प्लाट नंबर 3/1 से रकबा 4500 वर्गफुट भूमि (आवासीय प्रयोजनार्थ)के लिये 15,22,321 रुपये तथा दीनदयाल अपार्टमेन्ट के पीछे (दक्षिण दिशा में)लगकर स्थित है-नजूल ग्राम-बड़े रामपुर प्लाट नंबर 3/1 से रकबा 2442 वर्गफुट भूमि (आवासीय प्रयोजनार्थ)के लिये 8,26,098 रुपये है। भूमि का नक्शा और फार्म और परिशिष्ट-2 जिसमें शासकीय भूखंड का भूमि स्वामी हक में व्यवस्थापन/बंटन दिया जायेगा। इच्छुक खरीददारों द्वारा नजूल शाखा कार्यालय कलेक्टर रायगढ़, आयुक्त नगर पालिक निगम रायगढ़ तथा कार्यालय तहसीलदार रायगढ़ के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में नीलामी के स्थान और समय पर भी देखा जा सकेगा। आबंटन हेतु अमानत राशि जमा करने वाले आवेदकगण को ही नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की पात्रता होगी। प्रत्येक पक्षकार की ओर से आवेदक तथा उनका अभिकर्ता सहित दो व्यक्ति नीलामी में उपस्थित हो सकेंगे। नीलामी का अनुमोदन समिति के माध्यम से कलेक्टर द्वारा किया जायेगा।

इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिये कार्यालय कलेक्टर नजूल शाखा रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480